### कटंगा स्थित 3 एकड़ जमीन के मामले में हाईकोर्ट का निर्देश

# निर्माण कार्य में सेना और रक्षा संपदा अधिकारी नहीं करेंगे हस्तक्षेप

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने कटंगा स्थित 3 एकड़ जमीन में निर्माण कार्य में सेना और रक्षा संपदा अधिकारी द्वारा किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने पर रोक लगा दी। जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने कहा यदि ऐसा होता है तो उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाएगी। अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।



रक्षा संपदा अधिकारी और ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटी के कमांडेंट की ओर से हाईकोर्ट में यह पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। कल्याणकारी गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष एसआर पाठक की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सिविल कोर्ट द्वारा उनके पक्ष में डिक्री पारित करने और हाईकोर्ट द्वारा उस पर मुहर लगाने के बावजूद सेना उन्हें निर्माण कार्य करने से रोकती है। बताया गया कि विगत 21 फरवरी को सेना के अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर आकर तोड़फोड़ कर दी थी और अपना टाइटल बोर्ड लगा दिया था।

### अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश

## जिला शिक्षा अधिकारी हाजिर होकर स्पष्टीकरण दें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर घनश्याम सोनी को हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को नियत की है।

अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका मुन्नी जैन, कोमल प्रसाद, राजकुमारी, कृपाल सिंह, विष्णु गिरि गोस्वामी व लखनलाल झारिया की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता को 300 दिन का अर्जित अवकाश भुगतान नहीं किया गया था। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसकी सुनवाई के बाद राहतकारी आदेश पारित किया गया। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर ने मनमानी करते हुए आदेश का पूर्ण पालन नहीं किया। जिससे व्यथित होकर अवमानना याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने जिला शिक्षा अधिकारी को अर्जित अवकाश के संपूर्ण रिकार्ड सहित हाजिर होने के निर्देश दे दिए।

## चेक बाउंस पर एक वर्ष का कारावास, 28 लाख 56 हजार जुर्माना

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डा. गौरव गर्ग की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपित कुंडम निवासी शेख रफीक का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ एक वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 28 लाख 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। परिवादी गोरखपुर निवासी जबरचंद चौपड़ा की ओर से अधिवक्ता सतपाल जायसवाल व मौसम पासी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने परिवादी से कर्ज लिया था। जिसकी अदायगी के लिए जारी चेक बैंक में जमा करने पर खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण बाउंस हो गया। इसकी जानकारी देने पर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। लिहाजा, सूचना पत्र भेजा गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो अदालत में परिवाद दायर कर दिया गया।

## शहर के समीप किसी स्कूल में पदस्थापना दें, हाई कोर्ट से दिव्यांग महिला शिक्षक को राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दिव्यांग महिला शिक्षक को राहत दी है। इसके अंतर्गत शहर के समीप किसी स्कूल में पदस्थापना का निर्देश जारी कर दिया गया। कोर्ट ने साफ किया कि यह स्कूल अभ्यावेदन में दर्शाए गए स्कूलों में से एक होना चाहिए। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी अभिलाषा साहू की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि 16 फरवरी, 2024 को याचिकाकर्ता को कतिपय कारणों से निलंबित किया गया था। 18 जून, 2024 को बहाल कर दिया गया। लेकिन स्थानांतरण 95 किलोमीटर दूर प्राथमिक शाला हरदा पत्थर, संकुल केन्द्र नंदन, विकासखंड जुन्नारदेव कर दिया गया। इतना ही नहीं बहाली का आदेश छह माह बाद 18 नवंबर, 2024 को वाट्सएप में भेजा गया। लिहाजा, याचिकाकर्ता अभ्यावेदन देकर शहर छिंदवाड़ा शहर के नजदीक स्थित किसी एक स्कूल में पदस्थापना किएजाने का निवेदन किया। उसकी ओर से कहा गया कि वह दिव्यांग है। दो बच्चे भी हैं। लिहाजा, 95 किलोमीटर दूर स्कूल जाने में परेशानी होगी। 13 फरवरी 2025 को अभ्यावेदन निरस्त कर दिया गया था। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।



### केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री से सांसद ने की मांग

# जबलपुर को केंद्र में रखकर बने औद्योगिक कॉरिडोरः सांसद आशीष दुबे

**जबलपुर।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर को केंद्र में रखते हुए एक नया औद्योगिक कॉरिडोर (गलियारा) स्थापित करने का आग्रह केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से किया है। नई दिल्ली में श्री कुमारस्वामी से भेंट के दौरान सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री को इस आशय का एक मांग पत्र भी सौंपा। सांसद आशीष दुबे ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी से कहा कि जबलपुर मध्यप्रदेश के साथ-साथ देश का एक प्रमुख नगर है और यह उच्च शिक्षा का भी एक बड़ा केंद्र है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र कृषि प्रधान होने के साथ-साथ विपणन का भी बड़ा केंद्र है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में अनेक उद्योग स्थापित हैं और यदि इस नगर को लक्षित कर नया औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जाता है, तो यह क्षेत्र विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़ेगा। सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि जबलपुर में औद्योगिक कॉरिडोर बनने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। नये उद्योगों की स्थापना के साथ बुनियादी ढांचे का भी विकास होगा, जिससे जबलपुर की नई और उज्जवल छवि सामने आएगी। इसके अलावा, औद्योगिक कॉरिडोर बनने से निवेश को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को भी इस लाभ होगा, जिससे वे अपने उत्पादों को आसानी से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा सकेंगे। सांसद श्री दुबे ने कहा कि औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, जो न केवल किसानों बल्कि उद्योगपतियों, युवाओं और संसदीय क्षेत्र के अन्य वर्गों के लिए फायदेमंद होगा।

## उद्यम क्रांति योजनाः जबलपुर जिले ने हासिल की 54% अधिक उपलब्धि

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जबलपुर जिले ने 54 फीसदी अधिक उपलब्धि हासिल की है। राज्य शासन के एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में जबलपुर जिले को 240 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य दिया गया था। इसके विरुद्ध जिले में 371 हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने बैंकों के माध्यम से 23 करोड़ 45 लाख रुपये के ऋण वितरित किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के मुताबिक मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत वर्ष 2024-25 में जिले को आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 1105 आवेदन प्राप्त हुये थे। इनमें से 856 पात्र आवेदकों के आवेदन बैंकों को प्रेषित किये गये। प्रेषित आवेदनों में से बैंकों द्वारा 400 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। श्री रजक ने बताया कि शासन द्वारा प्रायोजित इस योजना के तहत गारमेंट मेन्युफैक्चरिंग, फर्नीचर निर्माण, फूड प्रोसेसिंग, बुटीक, ब्यूटी पार्लर, जनरल स्टोर, किराना स्टोर, वस्त्र विक्रय, इलेक्ट्रॉनिस और इलेक्ट्रिकल सेल्स एवं सर्विस, परिवहन सेवा इत्यादि में स्वयं का व्यवसाय अथवा इकाई स्थापित करने में हितग्राहियों ने विशेष रूचि दिखाई।

## त्योहारों में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने निगमायुक्त के निर्देश

**जबलपुर।** शहर में आज 30 मार्च को चैत्र नवरात्री, गुड़ी पड़वा, चेटीचंड, और कल 31 मार्च को ईद-उल-फितर के त्यौहार को लेकर नगर निगम द्वारा साफ सफाई, पेयजल और प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है।



निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि शहर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाएं बेहतर कराई गई हैं। धार्मिक स्थलों मंदिरों, मस्जिदों के आस-पास प्रतिदिन आवश्यक साफ-सफाई, चूने की लाईन, दवा का छिड़काव, शोभा यात्राओं के मार्गो पर साफ-सफाई, चूने की लाइन, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था, शहर में निर्बाध जलापूर्ति की व्यवस्था तथा शोभा यात्राओं के दौरान फायर बिग्रेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी अधिकारियों को आदेश जारी कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### घर का ताला तोड़कर जेवर ले गए चोर

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत ग्राम सरोदा में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरौदा निवासी 48 वर्षीय रांझी स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाला विजय सिंह कभी कभी अपने घर ग्राम सरोदा आता जाता रहता है। गांव में उसकी पत्नी एवं बच्चें रहते हैं उसकी पत्नी गत 24 मार्च को दोपहर लगभग 2 बजे घर पर ताला लगाकर अपने मायके चली गई थी। गत 28 मार्च को उसकी पत्नी अपने घर वापस आई तो देखी कि जीना के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर सोने की चैन, एक जोड़ी बाला, 6 नथ, चांदी की एक जोड़ी पायल, 20 नग चूड़ी तथा नगदी 12 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### बिजली कंपनियों ने नियामक आयोग को याचिका भेजी

## प्रदेश की बिजली - प्रदेश में महंगी, अन्य राज्यों में बिकेगी सस्ती

**जबलपुर।** वर्ष 2025-26 के लिए बिजली कंपनियों ने अपनी याचिका में बिजली बेचने के दो रेटस प्रस्तावित कर उसे विद्युत नियामक आयोग को अनुमोदन हेतु भेजा है। याचिका के पृष्ठ 82 में सरप्लस बिजली को प्रदेश के बाहर बेचने के लिए 455.45 पैसे, यूनिट रेट प्रस्तावित किया है। इसी याचिका के पृष्ठ 203 में प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 711 पैसे, यूनिट रेट प्रस्तावित किए है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश की ही बिजली प्रदेश के बाहर सस्ती रहेगी, जबकि इस रेट के तुलना में वहीं बिजली प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए 2 रुपए 56 पैसे प्रतियूनिट से महंगी रहेगी। जन संगठनों ने बिजली के रेट बढ़ाना तथा रेटस में भेदभाव करने का विरोध किया है। बैठक में डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, डीआर लखेरा आदि उपस्थित थे।

### शहरी क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान आज से

## जल स्त्रोतों को सहेजना हम सबका दायित्व : निगमायुक्त

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज 30 मार्च से शहरी क्षेत्रों में जलगंगा संवर्धन विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में निगमायुक्त प्रीति यादव ने कहा कि जल स्त्रोतों को सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जल स्त्रोंतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोंतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए 30 मार्च से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जाना है, निगमायुक्त श्रीमती यादव ने इसके लिए संबंधित सभी अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने निर्देशों में कहा है कि उक्त अभियान के अंतर्गत 30 मार्च 2025 को अन्य जिलों में नदी अथवा जल स्त्रोतों समीप कार्यक्रम का आयोजन कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। अभियान के व्यापक आगाज हेतु 30 मार्च 2025 को नगरीय निकाय में जनसमुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के 01 कार्य का क्रियान्वयन किया जायेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन माननीय प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में किया जावे। गंगा दशहरा 5 जून 2025 को लोक प्रसिद्ध कलाकार की सांगीतिक प्रस्तुति, 30 जून 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया जावे।

### अवैध शराब के 3 कारोबारी गिरफ्तार

## 200 पाव देशी शराब एवं एक्सिस जप्त

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र शांतिनगर सामुदायिक भवन के सामने, बापूनगर सामुदायिक भवन के सामने और धोबीघाट खंडहर क्वाटर के पास इंद्रानगर में शराब के कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 200 पाव देशी शराब और एक्सिस वाहन जब्त की है।



रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिछाई सरकारी स्कूल के पास निवासी 25 वर्षीय किशन कोल गत रात एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड टी 1941 में शराब रखकर बेचने के लिए रामनगर तरफ से मेमोरी तिराहा तरफ आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांतिनगर सामुदायिक भवन के सामने आरोपी किशन कोल को गिरफ्तार कर उसके पास से 75 पाव देशी शराब और एक्सिस वाहन जब्त की है। इसी प्रकार मुखबिर की सूचना पर बापूनगर सामुदायिक भवन के सामने बापूनगर रांझी निवासी 42 वर्षीय राजू सोनकर को 65 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह मुखबिर की सूचना पर धोबीघाट खंडहर क्वाटर के पास इंद्रानगर में रविदास मंदिर के पास इंद्रानगर निवासी 23 वर्षीय आरोपी नितिन यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 पाव देशी शराब जप्त की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध पृथक पृथक धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## जेल से छूटकर आए युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत प्रताप धर्मकांटा के सामने एक बदमाश ने जेल से छूटकर आए एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोठारी मेडीकल के पास पंजाब बैंक कालोनी कोतवाली निवासी 21 वर्षीय आटो चालक अभिषेक अहिरवार गत 28 मार्च को पुराने मामलें में जेल से छूटकर अपने साथी प्रिंस चौबे और शिवा यादव के साथ दमोहनाका होते हुये एक्टिवा से अपने घर जा रहा था। रात लगभग 9 बजे प्रताप धर्मकांटा के सामने मेघराज चौधरी ने उसे रूकने का इशारा किया, उसने अपनी गाड़ी रोकी तो मेघराज चौधरी गाली गलौज करते हुये बोला कि जेल से छूटकर तो आ गया है किन्तु घर नहीं जाने दूंगा इसी बात को लेकर विवाद करते हुए आरोपी मेघराज चौधरी ने जान से मारने की नियत से उसके पेट, कमर, सीना, पीठ पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### लोग स्कूल प्रबंधन की ज्यादतियों की खुलकर करने लगे शिकायत : कलेक्टर

# पुस्तक मेला बच्चों के हित में सराहनीय पहल : अजय विश्नोई

हरिभूमि जबलपुर।

जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में लगाये गये पुस्तक मेले में शनिवार को बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ पहुँचे और भारी डिस्काउंट पर मिल रही पुस्तकें, कॉपी, यूनिफार्म की खरीददारी करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आंनद लिया। शनिवार का अवकाश होने की वजह से जिला स्तर का पुस्तक सह गणवेश मेला दोपहर 12 बजे से शुरू हो गया था। मेले में कॉपी-किताबों, यूनिफार्म और स्कूल बैग खरीदने पर मिल रही भारी छूट से अभिभावकों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दे रही थी। कई अभिभावकों ने डिस्काउंट का एक हिस्सा मेले में लगे फूड जोन में खर्च किया और बच्चों के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बारह दिनों का पुस्तक मेला रविवार 30 मार्च को भी दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा और रात 10 बजे तक जारी रहेगा।





पुस्तक मेला के पांचवे दिन शनिवार की शाम विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने मेला का जायजा लिया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुये इसे स्कूली बच्चों के हित में नवाचारी प्रयास बताया और लगातार दूसरे वर्ष इसके आयोजन के लिये जिला प्रशासन की सराहना की। श्री विश्नोई ने कहा कि एक वक्त था जब शिक्षा सीमित संसाधनों और बिना किसी आर्थिक बोझ के पूरी हो जाती थी, लेकिन समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में व्यवसायिकता हावी होती गई और बच्चों के माता-पिता स्कूल फीस एवं महंगी कॉपी किताबों के बोझ तले दबने लगे। श्री विश्नोई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ रही व्यवसायिकता पर ब्रेक लगाने की शुरुआत जबलपुर से हुई। उन्होंने इसका पूरा श्रेय कलेक्टर दीपक सक्सेना को देते हुये कहा कि उन्हीं के प्रयासों का ही यह परिणाम है कि निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर लगाम लगाई जा सकी है। वहीं स्कूल प्रबंधकों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं की साठगांठ से अभिभावकों को राहत दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर जबलपुर में पिछले वर्ष से पुस्तक मेला के आयोजन की हुई शुरुआत पूरे प्रदेश में नजीर बन गई और अब हर जिले में यहाँ की तर्ज पर पुस्तक मेला आयोजित किये जा रहे हैं।

पुस्तक मेला के आयोजन के सूत्रधार कलेक्टर दीपक सक्सेना भी इस मौके पर मौजूद रहे। श्री सक्सेना मेले में काफी समय तक रहे। उन्होंने मेले का निरीक्षण किया और विधायक श्री विश्नोई के साथ मंच को साझा किया। श्री सक्सेना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि स्कूली बच्चों और अभिभावकों को महँगी कॉपी-किताबों से राहत दिलाने पुस्तक मेला के आयोजन की परिकल्पना पिछले वर्ष की गई थी। इस वर्ष पुस्तक मेला का आयोजन नवीन शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व सही समय पर किया गया है और सकारात्मक फीडबैक भी प्राप्त हो रहे हैं।

# 24 घंटों में आए भूकंप के 15 झटके

# मरने वालों की संख्या 1000 पार, 2000 से अधिक घायल, दहशत में लोग
# पीएम मोदी ने वरिष्ठ जनरल से की बात, भारत का ऑपरेशन 'ब्रह्मा' शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में 24 घंटे में ही भूकंप के आए 16 तेज झटकों से लोग दहशत में हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 2:50 बजे भूकंप का 16वां झटका लगा। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गई। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। राहत पैकेज में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, भोजन के पैकेट, वाटर प्यूरीफायर, हाइजीन किट, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक्स, सीरिंज, दस्ताने और पट्टियां जैसी आवश्यक जीचें शामिल हैं। प्रभावित इलाकों में मदद और राहत-बचाव कार्य के लिए भारत से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को भेजा गया है।

भूकंप का 16वां झटका 4.7 तीव्रता का रहा

थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूकंप से मौत

भारत ने सी-130जे से भेजी 15 टन राहत



## हर तरफ मलबा और टूटी इमारतें

म्यांमार की सेना (जुंटा) के हवाले से बताया है कि भूकंप में अबतक 694 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1,670 घायल हुए हैं। वहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें मिल रही हैं। म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, और ढही इमारतें नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि, अस्पतालों में घायलों की तादाद भी हजारों में है। म्यांमार के अनुसार, पांच शहरों और कई कस्बों में इमारतें गिर गई हैं और दो प्रमुख पुल भी ढह चुके हैं।



## कब-कब आया भूकंप

| संख्या | समय | तीव्रता |
|---|---|---|
| पहला | शुक्रवार सुबह 11:50 मिनट पर | 7.2 |
| दूसरा | दोपहर 12:02 मिनट पर | 7.0 |
| तीसरा | दोपहर 12:57 मिनट पर | 5.0 |
| चौथा | दोपहर 01:07 मिनट पर | 4.9 |
| पांचवा | दोपहर 02:48 मिनट पर | 4.4 |
| छठवां | दोपहर 03:25 मिनट पर | 4.3 |
| सातवां | शाम 04:46 मिनट पर | 4.0 |
| आठवां | शाम 05:52 मिनट पर | 4.3 |
| नौवां | शाम 06:22 मिनट पर | 3.8 |
| दसवां | रात 08:19 मिनट पर | 3.7 |
| ग्यारवां | रात 09:49 मिनट पर | 3.6 |
| बारहवां | रात 10:16 मिनट पर | 4.5 |
| तेरहवां | रात 11:56 मिनट पर | 4.2 |
| चौदहवां | रात 01:46 मिनट पर | 3.6 |
| पंद्रहवां | शनिवार सुबह 11:54 मिनट | 4.3 |
| सोलहवां | शनिवार दोपहर 02:50 मिनट | 4.7 |


आंकड़ें नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक



## पीएम मोदी ने कहा- मुश्किल वक्त में भारत खड़ा है साथ

पीएम मोदी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

## इन शहरों में भारी नुकसान



*इस विनाशकारी भूकंप ने मंडाले, नेपिटॉ, यांगून और कई अन्य शहरों में इमारतों, पुलों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन सबसे अधिक मौतें नेपिटॉ में हुई हैं। यहां से 90 से अधिक लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है। भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मंडाले के पास था। झटकों के बाद कई आफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद के झटके) भी महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 मापी गई। मंडाले में भूकंप ने कई इमारतों को जमींदोज कर दिया, जिनमें शहर का एक प्रमुख मठ भी शामिल था। राजधानी नेपिटॉ में भी कई सरकारी कर्मचारियों के आवासीय भवन मलबे में तब्दील हो गए, जहां बचाव दल पीड़ितों को निकालने में जुटा हुआ है।*

## मस्क ने बढ़ाया मदद का हाथ स्टारलिंक किट की पेशकश की

एक्स के मालिक एलन मस्क ने भी मदद की पेशकश की है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि थाईलैंड और म्यांमार में भूकंप के कारण हुए नुकसान के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। स्पेसएक्स की टीम संचार आवश्यकताओं और राहत प्रयासों में सहायता के लिए स्टारलिंक किट प्रदान करने के लिए तैयार है। स्टारलिंक एक सैटेलाइट कॉन्सटेबुल सिस्टम है जिसका उद्देश्य वैश्विक इंटरनेट कवरेज देना है। यह सिस्टम ग्रामीण और भौगोलिक रूप से अलग-थलग क्षेत्रों के लिए आदर्श है जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी न के बराबर होती है।

## यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 चिकित्साकर्मी

भूकंप की मार झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। भारतीय नौसेना के दो जहाज म्यांमार भेज दिए गए हैं। इसके अलावा आपदा राहत सामग्री के साथ दो और जहाज भेजे जाएंगे। भेजे जाने वाले विमानों की संख्या पांच हो गई है।

## खून की भारी किल्लत




म्यांमार सरकार के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में रक्तदान की अत्यधिक आवश्यकता है। अस्पतालों में खून की भारी कमी बताई जा रही है। आपदा में घायल लोगों से अस्पताल भरे पड़े हैं। म्यांमार ना इस आपदा में दवाओं और अन्य राहत सामाग्री की कमी से जूझ रहा है। सैन्य सरकार ने विदेशी सहायता स्वीकार करने की घोषणा की है, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने प्रारंभिक राहत कार्यों के लिए 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि जारी की है। वहीं चीन और रूस ने म्यांमार में बचाव दल भेजे हैं, राष्ट्रपति ट्रंप ने भी अमेरिकी मदद की बात कही है।

## सैंकड़ों लोग लापता

सैकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 2300 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। 30 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे म्यांमार में भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया था। इसके बाद 24 घंटे से भी कम समय में भूकंप के 15 झटके महसूस किए गए। शनिवार सुबह 11.54 बजे यहां एक बार फिर धरती कांपी, यह 15वां भूकंप था। 15वें भूकंप का केंद्र जमीन से 27 किमी गहराई में था। अचानक आई इस आपदा के बाद म्यांमार ने आपातकाल लगा दिया गया है। इस भंयकर भूकंप का असर सिर्फ म्यांमार पर ही नहीं बल्कि थाइलैंड, भारत, चीन नेपाल समेत पांच देशों में देखने को मिला है। उधर, थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूंकप से मौत हुई है।

## भारत ने भेजे 80 एनडीआरएफ कर्मी, दल में खोजी कुत्ते भी

भारत भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए आगे आया है। देश ने राहत और बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 80 कर्मियों का दल म्यांमार भेजा है। इसमें खोजी कुत्ते भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत उठाया गया है। इससे पहले भी भारत ने दो मौकों पर विदेश में एनडीआरएफ को तैनात किया है, इनमें 2015 में नेपाल भूकंप और 2023 में तुर्किये में आया भूकंप शामिल है। एनडीआरएफ कर्मियों को म्यांमार में सहायता प्रदान करने के लिए मजबूत कंक्रीट कटर, ड्रिल मशीन, हथौड़े आदि जैसे भूकंप बचाव उपकरणों के साथ तैनात किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया, '80 एनडीआरएफ कर्मियों की एक टीम गाजियाबाद के हिंडन से भारतीय वायुसेना के दो विमानों में म्यांमार के लिए रवाना की गई है।



### पीके तिवारी करेंगे टीम का नेतृत्व

गाजियाबाद में स्थित 8वीं एनडीआरएफ बटालियन के कमांडेंट पीके तिवारी शहरी खोज और बचाव (यूएसएआर) टीम का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ टीम अंतरराष्ट्रीय खोज एवं बचाव सलाहकार समूह (आईएनएसएआरएजी) के मानदंडों के अनुसार म्यांमार में ढही संरचना की खोज एवं बचाव अभियान का काम करेगी। इसके लिए वह अपने साथ बचाव कुत्तों को भी साथ ले गई है।

---

## खबर संक्षेप


### डीसीपी डॉ. पठारे की कार एक्सीडेंट में मौत

**हैदराबाद।** मुंबई पुलिस के पोर्ट जोन के डीसीपी डॉक्टर सुधाकर पठारे की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई है। ये कार एक्सीडेंट हैदराबाद में हुआ है। बता दें कि सुधाकर पठारे ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद गए थे। वह 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। एसपी नगर कुरनूल वैभव गायकवाड़ ने इस खबर की पुष्टि की है।



### यमन में हूती विद्रोहियों पर हमला, एक की मौत

**दुबई।** यमन में शुक्रवार रातभर और शनिवार को हुए अमेरिकी हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को किए गए हमलों में अमेरिका ने यमन के उन कई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया, जिन पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का कब्जा है। इन क्षेत्रों में राजधानी सना, अल-जौफ तथा सादा प्रांत शामिल हैं।



## नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर पुलिस की बड़ी कार्रवाई
# 100 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, काठमांडू से हटा कर्फ्यू, पूर्व पीएम का 'पूर्व राजा' पर आरोप

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है। वे राजतंत्र की बहाली और हिंदू राज्य की मांग कर रहे थे। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के पुलिस अधीक्षक अपिल बोहरा ने बताया कि प्रसाई अभी फरार है। अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू के पूर्वी हिस्से में तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया।

### पूर्व राजा को दी गई स्वतंत्रता को सीमित करें: दहल



नेपाल के पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर शुक्रवार को हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। शनिवार सुबह सोशलिस्ट फ्रंट के तोड़फोड़ वाले कार्यालय का दौरा करने वाले दहल ने सरकार से पूर्व राजा को दी गई स्वतंत्रता को सीमित करने का भी आह्वान किया। दहल ने कहा कि स्पष्ट हो गया है कि इन सभी कृत्यों के पीछे ज्ञानेंद्र शाह का हाथ है। उन्होंने कहा कि शाह की मंशा ठीक नहीं है। यह पहले भी देखा गया है और अब भी देखा जा रहा है। समय आ गया है कि सरकार सख्त कार्रवाई करे।

### प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग और फेंके पत्थर

बता दें, प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय हिंसक हो गया जब आंदोलन के संयोजक दुर्गा प्रसाई सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर संसद भवन की ओर बढ़ गए। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

### सुवेदी कर रहे आंदोलन का नेतृत्व

आंदोलन का नेतृत्व नवराज सुवेदी कर रहे हैं। वे राज संस्था पुनर्स्थापना आंदोलन से जुड़े हुए हैं। इसका मकसद नेपाल में राजशाही को बहाल करना है। नेपाल की जनता देश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बार-बार सत्ता परिवर्तन से परेशान हो गई है। सुवेदी का नाम तब सुर्खियों में आया जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने उन्हें इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। नवराज सुबेदी ने कहा कि हम अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं, लेकिन अगर हमें सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो हमें प्रदर्शन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि हमारा मकसद पूरा नहीं हो जाता।

## गृह युद्ध की साजिश का आरोप
# बांग्लादेश में शेख हसीना समेत 73 के खिलाफ एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना के खिलाफ ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पुलिस ने मामला दर्ज कराया है। शेख हसीना के अलावा 72 अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। इन सभी पर बांग्लादेश में गृह युद्ध भड़काने और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने का आरोप है। सत्ता से बेदखल होने के बाद से ही पूर्व पीएम हसीना पर सामूहिक हत्या और भ्रष्टाचार समेत 100 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने अंतरिम सरकार को गिराने की साजिश के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर मामला दर्ज किया है।

### जॉय बांग्ला ब्रिगेड पर लगा आरोप

अदालत ने मामले का संज्ञान लिया और गुरुवार को सीआईडी को जांच शुरू करने को कहा। सीआईडी ने 19 दिसंबर 2024 को हुई एक ऑनलाइन बैठक की जानकारी मिलने के बाद मामला दर्ज किया है। आरोप है कि बैठक में शामिल लोगों ने 'जॉय बांग्ला ब्रिगेड' नामक एक मंच बनाया है। इसके माध्यम से गृह युद्ध भड़का कर हसीना को दोबारा सत्ता में लाने की योजना है।

**बैठक में 577 लोग थे शामिल :** पुलिस ने बताया कि बैठक में बांग्लादेश और विदेश से कुल 577 लोगों ने हिस्सा लिया था। अवामी लीग के अमेरिकी चैप्टर के उपाध्यक्ष आलम ने यह बैठक बुलाई थी। मामले में उन्हें दूसरे नंबर का आरोपित बनाया गया है। बैठक में सभी ने शेख हसीना के निर्देश का अनुसरण किया।

## 18 साल बाद मुनाफे में आई बीएसएनएल भरेगी नई उड़ान
# लगा रही 1 लाख स्वदेशी 4जी टावर, जो बदल जाएंगे 5जी में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल देशभर में ऐसे 1 लाख स्वदेशी 4जी मोबाइल टावर लगा रही है, जिन्हें 5जी में बदल दिया जाएगा। यह काम जून तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। यह आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है जिनके पास अपनी टेलीकॉम तकनीक है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल 18 साल बाद मुनाफे में आई है और सरकार 6जी तकनीक में भी आगे बढ़ने की योजना बना रही है।

इस साल जून तक यह काम हो जाएगा पूरा

6जी तकनीक में आगे बढ़ रही बीएसएनएल

### अपनी टेलिकॉम तकनीक वाला पांचवा देश बना भारत



सिंधिया ने बताया कि दुनिया के सिर्फ चार देशों के पास अपनी टेलिकॉम तकनीक है। इनमें चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जिसके पास खुद के टेलिकॉम स्टैक बनाने वाली कंपनियां हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल 18 साल बाद मुनाफे में आई है। कंपनी को पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ। वहीं, पिछले साल की तीसरी तिमाही में उसे 1262 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। लागत को 18 फीसदी तक कम किया है।



### शुरू की डी2डी सैटेलाइट मैसेजिंग सेवाएं

सिंधिया ने बताया कि सरकार की ओर से डायरेक्ट-टू-डिवाइस डी2डी सैटेलाइट मैसेजिंग सेवाएं शुरू की गई हैं। इस तकनीक में स्मार्टफोन से तब भी मैसेज भेजे जा सकते हैं, जबकि वह नेटवर्क से कनेक्ट न हो। तब कनेक्टिविटी सीधे सैटेलाइट से मिलने लगती है न कि मोबाइल टावर से। उन्होंने कहा कि साल 2014 में देश में 90 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे। आज यह संख्या 1.2 अरब से ज्यादा हैं। तब 25 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े थे, लेकिन आज 97 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। 2014 में 6 करोड़ लोगों के पास ब्रॉडबैंड इंटरनेट था, यह संख्या आज 94 करोड़ पहुंच गई है।

# ट्रंप बोले: भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के 'बहुत अच्छे परिणाम' मिलेंगे, मोदी बुद्धिमान नेता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पीएम नरेन्द्र मोदी को अपना 'अच्छा दोस्त' और 'बेहद बुद्धिमान व्यक्ति' करार देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली व्यापार शुल्क वार्ता के 'बहुत अच्छे परिणाम' मिलने की उम्मीद जताई। अमेरिकी सामानों पर भारत और अन्य देशों द्वारा लगाये गये उच्च शुल्क की ट्रंप की ओर से की जा रही लगातार आलोचनाओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क वसूलने वाले देशों में से एक है। यह क्रूर है। वे बहुत होशियार हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान आदमी हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच सब कुछ बहुत अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि और मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान पीएम हैं।

### व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी

वहीं, भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत का एक दौर शनिवार को पूरा कर लिया। सरकारी सूत्रों के अनुसार, वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बैठक में अमेरिका के अधिकारियों की टीम का नेतृत्व साउथ और सेंट्रल एशिया के लिए असिस्टेंट अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच ने किया।



### दोनों देशों के व्यापार समझौते का लक्ष्य

*भारत और अमेरिका इस समझौते का पहला चरण 2025 के सितंबर-अक्तूबर तक पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर से अधिक करने की योजना पर काम कर रहे हैं। अमेरिका की मांग है कि औद्योगिक वस्त्र, ऑटोमोबाइल, पेट्रोकेमिकल, डेयरी, कृषि उत्पाद पर टैरिफ में कटौती की जाए। वहीं भारत की प्राथमिकताएं है कि टेक्सटाइल और अन्य श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए टैरिफ में राहत मिले।*

# ‘मेगा वितरण’ कार्यक्रम में लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण

- ग्रामोद्योग विकास योजना और खादी विकास योजना में 5 लाख से अधिक खादी कारीगर और लाभार्थी हुए लाभान्वित
- पीएमईजीपी योजना के तहत 14456 नई इकाइयों को 469 करोड़ रुपए की मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण
- 159016 नए रोजगार का हुआ सृजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) भारत सरकार ने अपने केंद्रीय कार्यालय मुंबई में वर्चुअल माध्यम से अब तक का सबसे बड़ा और व्यापक ‘मेगा वितरण’ कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत 5 लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी और लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लाखों कारीगरों को संबोधित किया।

### ‘विकसित भारत’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ अभियान से जुड़ने की अपील

केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘विकसित भारत’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्तर जोन के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी, पूर्वी जोन के सदस्य मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई मंत्रालय से संयुक्त सचिव (एआरआई ) विपुल गोयल, आर्थिक सलहकार ( एमएसएमई) सुश्री सिमी चौधरी और केंद्रीय कार्यालय, केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ आयोग के देश भर के क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित

### 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन

कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत देशभर के सभी 6 जोन (पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तर जोन, दक्षिण जोन, मध्य जोन और पूर्वोत्तर जोन) के राज्य और मंडलीय कार्यालयों से संबद्ध लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण किया गया। खादी विकास योजना के तहत 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 14456 पीएमईजीपी इकाइयों को 1399.13 करोड़ रुपए के स्वीकृत ऋण पर 469 करोड़ रुपए मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया गया। इसमें 159016 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। 5000 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी ऑनलाइन उद्घाटन भी किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 58850 लाभार्थियों को 2175 करोड़ रुपए की मार्जिन का संवितरण किया गया, जिससे 64,73,50 रोजगार सृजित हुए।

### अब तक के सबसे व्यापक और वृहद टूलकिट वितरण कार्यक्रम आयोजित

वर्चुअल माध्यम से कुल 16,377 टूलकिट और उपकरणों का वितरण किया गया, जिसमें 3,950 बी-बॉक्स, 7,067 विद्युत चालित चाक, 1,350 चर्म उत्पाद मरम्मत टूलकिट, 390 जूता निर्माण उपकरण, 420 इलेक्ट्रिशियन टूलकिट, 80 एसी मरम्मत टूलकिट, 300 प्लंबर टूलकिट, 60 मोबाइल रिपेयरिंग टूलकिट, 971 सिलाई मशीनें, 278 हैंडमेड पेपर मेकिंग मशीनें, 349 स्वचालित अगरबत्ती मेकिंग मशीनें, 60 पैडल चालित अगरबत्ती मेकिंग मशीनें, 320 टर्नवुड मशीनें, 180 वुडन टॉय मेकिंग मशीनें, 460 वेस्टवुड क्राफ्ट मशीनें और 292 कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण मशीनें शामिल हैं।

---

### मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाए

# 20 शासकीय सेवकों के विरुद्ध निलंबन और नोटिस जारी करने की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 20 अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल प्रदाय में अव्यवस्था के दोषी ठेकेदार को अर्थदंड से दंडित किया गया। शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों में से ऐसे प्रकरणों का समाधान किया गया, जिनका 8लंबे समय से समाधान लंबित था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन में शुक्रवार को पेयजल व्यवस्था से संबंधित 3 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को दंडित करने का निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस भी जिले में पेयजल की व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्राप्त होंगी, वहां संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। सीहोर जिले के भंवर सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत बरखेड़ी में पानी न पहुंच पाने की शिकायत की। अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि ठेकेदार फर्म मे. विश्वा पर 37 हजार 469 की शास्ति अधिरोपित की गई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समाधान ऑनलाइन में उपस्थित थे।

*समाधान ऑनलाइन में लंबित समस्याओं का हुआ समाधान*

*पेयजल में दोषी ठेकेदार को जुर्माने से दंडित किया गया*

### नल-जल योजना में देरी करने वालों के विरुद्ध एक्शन




नल जल योजना के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर कर घरेलू नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्रारंभ करवा दी गई है। मऊगंज के शिकायतकर्ता सुनील कुमार साहू की डेढ़ वर्ष से पाइप लाइन के टूट जाने से जल प्रदाय में आ रही दिक्कत को दूर कर दिया गया है। इस प्रकरण में फील्ड इंजीनियर की सेवाएं समाप्त की गई है। शिकायत का निराकरण समय पर न करने के लिए उत्तरदायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मप्र अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन के उपयंत्री, परियोजना प्रबंधक और सहायक परियोजना प्रबंधक को नोटिस जारी किए गए हैं।

### सहायक यंत्री की दो दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले की दुर्गाबाई विश्वकर्मा ने कूप निर्माण के लिए समय पर कार्रवाई न करने के मामले में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सहायक यंत्री की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किए गया है। गंभीर लापरवाही के दोषी ग्राम रोजगार सहायक को सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी किया गया। सचिव ग्राम पंचायत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शिकायत कर्ता को कूप निर्माण के लिए 72 हजार 372 रुपए का भुगतान करवा दिया गया है।

### कलमे दंपती को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की

खंडवा जिले के दिनेश कलमे ने निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना में राशि मिलने में हुई देरी की शिकायत की। समाधान ऑनलाइन में यह मामले आने के बाद कलमे दंपती को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। लापरवाही बरतने पर सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक, जिला कोषालय अधिकारी और निःशक्त कल्याण शाखा के प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत खालवा को भी कारण बताओ नोटिस दिया गया है। विदिशा के रोहित रैकवार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में की गई शिकायत का पर समाधान किया गया।

### इन्हें भी मिली सहूलियतें

- रीवा जिले के घनानंद द्विवेदी के आवेदन पर 20 हजार रुपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। आकाशीय बिजली गिरने से पशुधन हानि हुई थी। विलंब पर नायब नाजिर को निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रमेश जाटव को मकान की किस्त, राकेश रिछारिया को आयुष्मान योजना की राशि और आशाराम लोधी को गौ-संवर्धन योजना में लाभ मिला।
- ग्वालियर के रमेश जाटव की आवास योजना की राशि न मिलने के संबंध में कलेक्टर ग्वालियर को परीक्षण कर दोषी कर्मचारियों को दंडित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गलत जानकारी दर्ज करने के दोषी सीएमओ को कारण बताओ नोटिस दिया। गया है। छतरपुर के राकेश कुमार रिछारिया को समाधान ऑनलाइन के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना में 26 हजार 747 रुपए की राशि का भुगतान हो गया है। अस्पताल पर तीन गुना अर्थदंड 80 हजार 241 रुपए अधिरोपित किया गया।
- समाधान ऑनलाइन में गुना जिले से मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) के तहत पात्रता के अनुसार प्रसूति सहायता न मिलने का आवेदन आया था। राशि प्रदान कर दी गई है। विलंब के दोषी मेटरनिटी वार्ड इंचार्ज, मेटरनिटी विंग डाटा एंट्री ऑपरेटर, तत्कालीन सीएम हेल्पलाइन डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखापाल जिला चिकित्सालय गुना को 7-7 दिन के मानदेय, वेतन कटौती का दंड दिया गया। आरएमओ जिला चिकित्सालय गुना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय गुना और संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर संभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धन वर्ग के व्यक्तियों को इस तरह से परेशान होना पड़े। यह अनुचित ही नहीं अपराध भी है। प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा।

---

# मप्र में बेरोजगार युवा अब कहलाएंगे आकांक्षी युवा

- स्वावलंबी और उद्यमशील बनेंगे प्रदेश के ‘आकांक्षी युवा’
- मप्र है सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य
- प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 15 लाख करोड़ रुपए, वार्षिक विकास दर 12 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बेरोजगारी केवल सरकारी नौकरियों से दूर नहीं होगी। 145 करोड़ जनसंख्या वाले भारत देश में सरकारी नौकरियों का अनुपात एक प्रतिशत से अधिक नहीं है। देश के सबसे बड़े नियोजक सशस्त्र बल में भी थल, जल और वायु सेना में सम्मिलित रूप से केवल 13.5 लाख व्यक्ति ही नियोजित हैं।

उन्होंने कहा कि आकांक्षी युवाओं को स्वावलंबन और उद्यमशीलता के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को अब ‘आकांक्षी युवा’ कहा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके आधार पर 21 लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। कृषि, पशुपालन तथा हुनर आधारित उद्यमों में भी प्रदेश के युवाओं को नियोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य है, जिसका उन्हें गर्व है। वर्तमान में प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 15 लाख करोड़ रुपए है और वार्षिक विकास दर 12% है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002-03 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रुपए थी, जो अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार रुपए हो गई है। वर्ष 2002-03 में प्रदेश का सिंचित रकबा 7 लाख हेक्टेयर था जो अब बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर हो चुका है, प्रदेश सरकार इसे बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश का वर्तमान बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए है, जिसका केवल 10% ही मार्केट से पूंजीगत निवेश के लिए उधार लिया गया है।

### अवैध निर्माण पर की जाती है नियमानुसार काईवाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में बुलडोजर के माध्यम से न्याय करने का कोई प्रावधान नहीं है। परंतु अवैध निर्माण पर स्थानीय निकायों द्वारा नियमानुसार काईवाई अवश्य की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, लेकिन ऐसी किसी स्थिति में तत्परता के साथ उसका निराकरण कर उदाहरण स्थापित किया जाता है। प्रदेश में खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत खुले में मांस अथवा अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय नियमानुसार किया जा रहा है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड और अन्य राज्यों के प्रयोग देखकर निर्णय लिया जाएगा।

---

### आदिवासी बच्चों से काम करवाने का आरोप, पति पूर्व में हो चुका गिरफ्तार

# दस सालों से फरार महिला आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पुलिस ने 10 साल से फरार महिला आरोपी को गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार की है। शहर के थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत में आरोपी अपने पति के साथ मिलकर आदिवासी बच्चों से काम करवाती थी। मामले में पति को आजीवन कारावास की सजा मिली है। वहीं अब फरार महिला आरोपी भी पुलिस के गिरफ्त में है।

सन 2014-15 में जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत जिला कांकेर के तीन आदिवासी बच्चों का चयन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए किया गया था, आरोपी सतीश शर्मा ने बस्तर मित्र फाउंडेशन के नाम से झूठी जानकारी देकर रजिस्ट्रार फॉर्म और संस्थाएं इंद्रावती भवन नया रायपुर से रजिस्ट्रेशन करवा कर वेदांता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का प्रमाणीकरण शिक्षा विभाग से करवाकर आदीम जाति एवं अनुसूचित जाति के आदिवासी क्षेत्र के छात्रों को उत्कर्ष विद्यार्थी योजना/जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत प्राप्त कर अपने निवास कबीर नगर फेस 4 में आरोपी अपनी पत्नी बिनीता शर्मा के साथ रहते थे। पति पत्नी मिलकर आदिवासी बच्चों को घरेलू काम झाड़ू पोछा बर्तन गाड़ी धोना हाथ पैर दबाना पूरे समय घर का काम करवाना फोन आने पर बात नहीं करवाना फोन आने की जानकारी भी संबंधित बच्चे को नहीं दिया जाता था। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। इस दौरान आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

---

### सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल, घटना को लेकर मांगी माफी

# बाइक राइडर पर घातक स्टंट करने को लेकर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

यातायात पुलिस की ओर से स्टंट और स्पीड बाइकर्स लगातार कार्रवाई की जा रही है। नवा रायपुर में लगाए गये कैमरों से निगरानी की जा रही है। स्पीड बाइकर्स का स्पीड से चलाने पर प्रतिदिन ई-चालान बन रहा है। रायपुर पुलिस की ओर से नवा रायपुर क्षेत्र में बाइकर्स गैंग जान जोखिम में डालते हुए स्टंट करते हुए करतब दिखाने, कलाबाजी करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर भी वाहन मालिक को तलब कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 मार्च को सोशल मीडिया के माध्यम से दोपहिया सीडी डीलक्स चालक द्वारा बाइक लहराने व वाहन में सोकर वाहन चलाने का वीडियो प्रसारित किया गया था। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो प्राप्त होने पर बाइक के नंबर के



आधार पर चालक खेलू विश्वकर्मा को नोटिस भेजकर तलब किया गया। वाहन चालक 19 वर्षीय मोहन विश्वकर्मा गाड़ी मालिक का भतीजा था जो वाहन की चाबी निकालकर बिना सूचना दिये नवा रायपुर की सड़कों पर घुमने चला गया था। वाहन के दस्तावेजों और चालक के लायसेंस की जांच की गयी। वाहन चालक के पास लायसेंस नहीं था। वाहन में बीमा कागजात नहीं होने, बिना लायसेंस वाले व्यक्ति को वाहन चलाने देने के कारण वाहन मालिक के विरूद्ध भी मोटरयान की धारा 5/180 जोड़कर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण वाहन चालक मोहन विश्वकर्मा के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 184, 3/181, 5/180 एवं 146/196 के तहत कार्यवाही करते हुए 6000 रूपये समन शुल्क परिसमन किया गया। चालानी कार्यवाही कर मोहन विश्वकर्मा एवं उनके चाचा वाहन स्वामी खेलू विश्वकर्मा को समझाईश दिया कि भविष्य में ऐसा न करें। बता दें कि यातायात पुलिस द्वारा नवा रायपुर की सड़कों पर स्पीड में चलने वाले बाइकर्स पर कैमरों से निगरानी रखी जा रही है तथा प्रतिदिन ऐसे बाइकर्स जो हाई स्पीड से वाहन चलाते हैं उनका ई-चालान भी जारी किया जा रहा है। साल 2025 के लगभग तीन माह में 135 से अधिक स्पीड बाईकर्स द्वारा स्पीड में वाहन चलाने का ई-चालान किया गया है।

---

### खतरनाक हथियार बरामद, 4 जवान भी घायल, मृतक नक्सलियों की पहचान जारी

### जगदीश नक्सलियों के दरभा का इंचार्ज था

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, इनामी नक्सली भी ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए। झीरमकांड में शामिल खूंखार नक्सली जगदीश भी इस मुठभेड़ में मारा गया। जगदीश नक्सलियों के दरभा डिवीजन का इंचार्ज था, इस पर 25 लाख रुपये का इनाम था। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के पास से आधुनिक हथियार बरामद किए हैं। सुकमा-दंतेवाड़ा सीमा पर उपमपल्ली केरलापाल इलाके के जंगल में यह मुठभेड़ हुई।

सुरक्षाबलों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी, तभी यह मुठभेड़ हुई। केरलापाल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात को यह अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे।



### चार साल में पहली बार नक्सलियों को घेरकर मारा

जवानों ने जहां ऑपरेशन चलाया वो पूरा इलाका पहाड़ों से घिरा हुआ है। इस ऑपरेशन की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चार साल में इस इलाकों में पहली बार सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को घेर कर मारा है। जवानों की टीम को बड़े नक्सली लीडर जगदीश के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद फोर्स ऑपरेशन के लिए निकली जवानों को इनपुट मिला था कि करीब 25 नक्सलियों की टीम इलाके में है। इसके बाद गोगुंडा पहाड़ी को जवानों ने घेर लिया और मुठभेड़ में 17 नक्सलियों का मार गिराया।

### *11 महिला नक्सलियों सहित 17 शव बरामद*

*मुठभेड़ में 11 महिला नक्सलियों सहित कुल 17 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से 10 एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है। मुठभेड़ में मारे गए 07 नक्सलियों की पहचान हुई है। अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में डीआरजी सुकमा के तीन व सीआरपीएफ के एक जवान कुल 04 कुल घायल हो गए।*

### *आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान*

*सुकमा पुलिस ने बताया कि केरलापाल क्षेत्र में नक्सलियों की सूचना पर 28 मार्च को डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल और आसपास के इलाकों में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया।*

### *गृहमंत्री ने नक्सलियों को दी चेतावनी सरेंडर करें अन्यथा परिणाम भुगतें*



*छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने सुकमा नक्सली मुठभेड़ में मारे गये 17 नक्सलियों के मामले में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे से एक दिन पहले एक बार फिर नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि नक्सली मुख्यधारा में शामिल होने के लिये सरेंडर करें। ऐसा नहीं करने पर वो अंजाम भुगतने के लिये तैयार रहे। उन्होंने कहा कि 85 दिन में 133 नक्सली मारने का प्रतिदिन का संकल्प है। इस एनकाउंटर में कुल दो जवान घायल हुए हैं और दोनों खतरे से बाहर है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि हमें अपने जवानों की भुजाओं के बल पर सुकमा में बड़ी सफलता मिली है। 17 नक्सलियों को मारने में सफलता मिली है। सभी के शव बरामद कर लिये गये हैं। मौके से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर, बीजीएल लॉन्चर हथियार समेत कई विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है।*